प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 11 फरवरी, 2025 :-

(1) आज 52324 लोगों ने राज भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। विदित हो कि माननीय राज्यपाल महोदय के निदेशानुसार राज भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु दिनांक 6 फरवरी से 12 फरवरी, 2025 तक खोला गया है।उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है तथा प्रवेश राज भवन के गेट संख्या 2 से सुरक्षा जांचोपरांत 1 बजे अपराह्न तक है।

माननीय राज्यपाल महोदय आज उद्यान भ्रमण के दौरान आगंतुकों से मिले। उन्होंने विभिन्न आयु वर्ग के लोगों, विशेषकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया, उनकी जिज्ञासाओं का उत्तर दिया एवं उनकी प्रतिक्रियाएँ जानीं। इस दौरान उन्होंने आगंतुकों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। राज्यपाल महोदय की सहजता और आत्मीयता ने सभी आगंतुकों को अभिभूत कर दिया।